**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**29.03.2025/प्रादेशिक समाचार/रितेश कपूर/**

- मुख्यमंत्री ने नशे के नेटवर्क पर 20 अप्रैल तक विस्तृत डोजियर तैयार करने के सभी पुलिस अधीक्षकों को दिए निर्देश।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा।
- लाहौल स्पीति ज़िले में दो विद्युत परियोजनाओं के लिए हिमाचल और तेलंगाना सरकार के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित।
- चैत्र नवरात्र कल से शुरू– प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध।

**समाचार विस्तार से.**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सभी जिला प्रशासन को 20 अप्रैल तक पंचायत स्तर पर 'चिट्टा' के सप्लायर व उसके आदी सहित ड्रग नेटवर्क की मैपिंग पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में आज एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी पुलिस अधीक्षकों को पंचायत स्तर तक नशे के तस्करों और उपभोक्ताओं पर पूरी गंभीरता के साथ विस्तृत डोजियर तैयार करने को कहा। नशे के दुरुपयोग को खत्म करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों को नशे के नेटवर्क को खत्म करने के लिए प्रयास तेज करने और कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम व हिमाचल प्रदेश नशा निरोधक अधिनियम पारित किया है, जिसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सभी जिलों में नशा मुक्ति केंद्र स्थापित करने पर विचार कर रही है और इसके लिए उपायुक्तों को खाली पड़े सरकारी भवनों की पहचान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जन शिकायतों के समाधान को प्राथमिकता देने और मामलों का समय पर निपटारा सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**पीएम–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 120वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण

मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी किया जाएगा। हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इस कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

**एम.ओ.यू.**

तेलंगाना सरकार लाहौल–स्पीति ज़िले में दो विद्युत परियोजनाओं पर काम करेगी। जिसको लेकर हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना सरकार के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस समझौते के तहत, लाहौल–स्पीति में चार सौ मेगावाट का सेली और एक सौ 20 मेगावाट का मियार हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रामार्का मालू की उपस्थिति में आज शिमला में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। ये दोनों परियोजनाएं चिनाव नदी पर 6 हजार दो सौ करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से तैयार की जाएंगी और इनसे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर रोजगार के लगभग 5 हजार अवसर सृजित होंगे। एम.ओ.यू. के बाद पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जो हाइड्रो प्रोजेक्ट राज्य सरकार की शर्तों को नहीं मानेंगे, सरकार उन्हें अपने नियंत्रण में लेगी। उन्होंने कहा कि तेलगाना को 40 साल के लिए ये प्रोजेक्ट दिया गया है। तेलंगाना सरकार ने इसके लिए 26 करोड़ रुपये की अग्रिम राशि हिमाचल को दे दी है।

**एम.ओ.यू.–2**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्युत क्षेत्र में बड़े सुधार कर रही है ताकि हिमाचल एक आत्मनिर्भर राज्य बन सकें। तेलंगाना के उप–मुख्यमंत्री विक्रामार्का मालू ने कहा कि ये समझौता ज्ञापन तेलंगाना क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी नीति 2025 के तहत राज्य के ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने व पर्यावरण स्थिरता सुनिश्चित करने की तेलंगाना सरकार की प्रतिबद्धता दर्शाता है। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**जयराम**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि आव्रजन और विदेशी विधेयक 2025 वर्तमान में हमारे देश की जरूरत है और इससे देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत होगी। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि लोकसभा में पारित इस विधेयक के कानून बनते ही देश की सुरक्षा व विदेशी नागरिकों के आगमन और प्रवास की व्यवस्थित ढंग से निगरानी की जा सकेगी। जयराम ठाकुर ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि ये कानून भारत को अवैध घुसपैठ और अपराध से बचाने के साथ–साथ अर्थव्यवस्था, शिक्षा और वैश्विक पहचान को भी नई दिशा देगा।

**मांग**

चंबा ज़िला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी में शौर से किलाड़ के लिए बर्फबारी के कारण बंद हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस सेवा अभी तक बहाल नहीं हुई है। शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया कि बस सेवा शुरू न होने के चलते शौर, पुर्थी और रेई पंचायतों के लोगों को टैक्सियों का भारी किराया देकर मुख्यालय किलाड़ पहुंचना पड़ रहा है। निहाल सिंह भारद्वाज ने पांगी प्रशासन से इन पंचायतों के लिए जल्द बस सेवा बहाल करने की मांग की है, ताकि आम जनता आसानी से किलाड़ पहुंच सके।

## नवरात्र

चैत्र नवरात्र कल 30 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इसी दिन हिन्दू नववर्ष भी प्रारंभ होगा। नवरात्र को देखते हुए प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मां दुर्गा के अन्य ऐतिहासिक मंदिरों में विशेष हवन यज्ञ के आयोजन की तैयारियां की गई हैं और मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों से शानदार ढंग से सजाया गया है। कांगड़ा, ऊना और बिलासपुर ज़िलों में स्थित मां दुर्गा के 5 शक्तिपीठों चामुण्डा देवी, बज्रेश्वरी देवी व ज्वालामुखी, चिंतपूर्णी और नयना देवी में श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। मंदिरों के आसपास अतिरिक्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि व्यवस्था तंत्र को सशक्त करने में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे आज शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भारतीय मीडिया पत्रकार संघ की राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। कुलदीप पठानिया ने कहा कि देश के इतिहास व विकास में पत्रकारिता का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार अपने जीवन काल में पत्रकारिता के माध्यम से अधिकतर समय समाज सेवा करते हैं, ऐसे में पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा पैंशन व चिकित्सा सहायता उपलब्ध होनी चाहिए। इस अवसर पर भारतीय मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाला भास्कर, हिमाचल प्रदेश राज्य अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा और राज्य सचिव उज्जवल शर्मा ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

## कर्मचारी संघ

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन माननीयों के वेतन भत्ते बढ़ाने के फैसले के बाद कर्मचारी वर्ग मुखर हो गया है और कर्मचारियों ने सरकार से अपनी लंबित देन–दारियों को जल्द जारी करने की मांग की है। संयुक्त कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों के लिए भी महंगाई बढ़ी है लेकिन बजट सत्र के दौरान उनकी मांगों पर कोई चर्चा नहीं की गई। उन्होंने कहा कि 2023 से कर्मचारियों की डी.ए. की चार किश्ते और महंगाई भत्ते का एरियर लंबित है।

## रैडक्रॉस

चंबा ज़िला रैडक्रॉस सोसायटी जरूरतमंद व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित हो रही है। ज़िला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित क्लिनिकल लैब और मोबाईल हैल्थ वैन के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने लोगों से रैडक्रॉस सोसायटी से जुड़ने का आहवान भी किया।

## राजेश धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश सरकार हिमाचल में सतत् विकास लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में कार्य कर रही है। शिमला में आज इंस्टिटयूट ऑफ टाउन प्लानर्स इंडिया द्वारा आयोजित एक सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने ये बात कही। राजेश धर्माणी ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रीन हिमाचल विजन के साथ सतत् विकास को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सतत् पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इको टूरिज्म को प्रोत्साहन दिया जा रहा है ताकि लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार व स्वरोजगार के अवसर मिल सके। राजेश धर्माणी ने कहा कि हरित ऊर्जा राज्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदेश में इलैक्ट्रिक वाहनों के संचालन के साथ–साथ हवाई सेवाओं और रोप–वे की संभावनाओं को विस्तार दिया जा रहा है।